भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

30 मार्च 2021, मंगलवार

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल में नंदीग्राम के मेगा रोड शो के पश्चात् पत्रकार वार्ता में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार, भय और आतंक के अंत का समय आ गया है। जनता ने भारतीय जनता पार्टी को चुनने का मन बना लिया है और प्रदेश के कोने-कोने से भाजपा को मिल रहा जनसमर्थन इसका प्रमाण है।

****

नंदीग्राम में दीदी हारने जा रही हैं। भाजपा पश्चिम बंगाल में 200 से अधिक सीटें जीतेगी। आज के रोड शो में जो अभूतपूर्व उत्साह नंदीग्राम की जनता ने दिखाया है, इससे सुनिश्चित है कि सुवेंदु अधिकारी बहुत बड़े मार्जिन के साथ चुनाव जीतने जा रहे हैं।

****

जनता के सामने कोई मुख्यमंत्री नहीं होता है, क्योंकि जनता ही मुख्यमंत्री बनाती है और जनता ही सत्ता से हटाती भी है। नंदीग्राम से इस बार भाजपा ही चुनाव जीतेगी।

****

महर्षि अरबिंदो और गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के सपने का "सोनार बांग्ला" माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ही साकार हो सकता है। पूरे पश्चिम बंगाल की जनता परिवर्तन हेतु भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपनी प्रतीक्षा में तैयार है और नंदीग्राम में भी मैंने यही देखा है।

****

नंदीग्राम में, जहां ममता दीदी निवास करती हैं, उसके 5 किमी के दायरे में ही बलात्कार की एक शर्मनाक घटना घटी है। महिला सुरक्षा की बात करने वाली ममता दीदी से मैं पूछना चाहता हूं कि आपके नंदीग्राम में रहते जब ऐसी घटना होती है तो बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा का क्या होगा?

****

कुछ दिनों पहले भाजपा कार्यकर्ता की वृद्ध माता श्रीमती शोभा मजूमदार पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। उन्हें इतनी बेरहमी से पीटा गया कि कल उनकी मृत्यु हो गई। फिर भी दीदी महिला सुरक्षा की बात करती हैं, उनके इस अंतर्विरोध से बंगाल की जनता अब भली-भांति परिचित हो गई है।

****

नंदीग्राम की जनता को सुवेंदु अधिकारी को इतने प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है कि आने वाले दिनों में जनता से किये गए वादों से मुकरना किसी भी राजनेता के लिए नामुमकिन हो जाए और 'माँ-माटी-मानुष' के नारे के साथ जिस प्रकार से पिछले 10 वर्षों तक खिलवाड़ किया गया, वैसा आगे करने की कोई हिम्मत न कर सके।

****

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज पश्चिम बंगाल में तीन मेगा रोड शो का नेतृत्व किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल की हाई प्रोफाइल सीट नंदीग्राम के साथ-साथ डेबरा और पंसकुरा में भव्य रोड शो किया। नंदीग्राम में आयोजित रोड शो में स्थानीय जनता का अपार उत्साह देखने को मिला। पूरा इलाका भाजपा के झंडों और भगवान् श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हो रहा था। रोड-शो को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान् श्रीराम के जयघोष के साथ-साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद और अमित शाह जिंदाबाद के नारों से पूरा नंदीग्राम आह्लादित हो रहा था।

नंदीग्राम में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री सुवेंदु अधिकारी के पक्ष में भव्य रोड शो के पश्चात् पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार के अंतिम दिन नंदीग्राम विधानसभा से भाजपा नेता और प्रत्याशी सुवेंदु अधिकारी के प्रचार हेतु नंदीग्राम आया था। **आज नंदीग्राम के रोड शो में जो अभूतपूर्व उत्साह यहाँ की जनता ने दिखाया है, इससे सुनिश्चित है कि बहुत बड़े अंतर के साथ नंदीग्राम से भाजपा के प्रत्याशी सुवेंदु अधिकारी चुनाव जीतने जा रहे हैं।** नंदीग्राम में जिन-जिन लोगों और कार्यकर्ताओं से बात हुई, उन सबका मानना है कि परिवर्तन तो पूरे पश्चिम बंगाल में करना है लेकिन इस परिवर्तन का सबसे सरल रास्ता है नंदीग्राम में ममता दीदी का पराजित होना।

माननीय गृह मंत्री ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में 200 से अधिक सीटें जीतेगी। ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जनता के सामने कोई मुख्यमंत्री नहीं होता है, क्योंकि जनता ही मुख्यमंत्री बनाती है और जनता ही सत्ता से हटाती भी है। नंदीग्राम से इस बार भाजपा ही चुनाव जीतेगी।**

श्री शाह ने कहा कि आज एक दुखद समाचार सुनने को मिला कि **नंदीग्राम में, जहां ममता दीदी निवास करती हैं, उसके 5 किमी के दायरे में ही एक बलात्कार की शर्मनाक घटना घटी। महिला सुरक्षा की बात करने वाली ममता दीदी से मैं पूछना चाहता हूं कि जब आप नंदीग्राम में हो, उस समय ऐसी घटना होती है तो पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा का क्या होगा?**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **कुछ दिनों पहले भाजपा कार्यकर्ता की वृद्ध माता श्रीमती शोभा मजूमदार पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। उन्हें इतनी बेरहमी से पीटा गया कि कल उनकी मृत्यु हो गई। फिर भी ममता दीदी महिला सुरक्षा की बात करती हैं, उनके इस अंतर्विरोध से बंगाल की जनता अब भली-भांति परिचित हो गई है।** पश्चिम बंगाल की जनता नहीं चाहती हैं कि प्रदेश में घुसपैठ हो। पश्चिम बंगाल की जनता चाहती है कि नागरिकता संशोधन कानून के माध्यम से शरणार्थियों को नागरिकता मिले। बंगाल की जनता की यह भी आकांक्षा है कि प्रदेश में उद्योग लगे, प्रदेश का विकास हो और यहाँ रोजगार के प्रयाप्त अवसर उपलब्ध हो, शिक्षा की समुचित व्यवस्था हो, प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर विश्वस्तरीय हो, कोलकाता एक विश्वस्तरीय शहर बने और पश्चिम बंगाल की गौरवशाली संस्कृति का बोलबाला पुनः एक बार देश और दुनिया में पुनर्स्थापित हो सके। **महर्षि अरबिंदो और गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के सपने का "सोनार बांग्ला" माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ही साकार हो सकता है।**

श्री शाह ने कहा कि **पूरे पश्चिम बंगाल की जनता परिवर्तन हेतु मतदान करने की अपनी प्रतीक्षा में है और नंदीग्राम में भी मैंने यही देखा है। मैं आज नंदीग्राम की जनता से अपील करना चाहता हूं**

कि आपको सुवेंदु अधिकारी को केवल जिताना ही नहीं है, बल्कि इतने प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है कि आने वाले दिनों में जनता से किये गए वादों से मुकरना किसी भी राजनेता के लिए नामुमकिन हो जाए और 'माँ-माटी-मानुष' के नारे के साथ जिस प्रकार से पिछले 10 वर्षों तक खिलवाड़ किया गया, वैसा आगे करने की कोई हिम्मत न कर सके।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार, भय और आतंक के अंत का समय आ गया है। जनता ने भारतीय जनता पार्टी को चुनने का मन बना लिया है और प्रदेश के कोने-कोने से भाजपा को मिल रहा जनसमर्थन इसका प्रमाण है।**

महेंद्र पांडेय
(कार्यालय सचिव)